भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्नि संख्याय 3859

16 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्नम

धान और गेहूं की खरीद में अनियमितताएं

3859. श्री एस. आर. पार्थिबन:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत एक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान गेहूं और धान की राज्य-वार कुल कितनी मात्रा खरीदी गई;

(ख) विभिन्न राज्यों से धान और गेहूं की खरीद में अनियमितताओं के बारे में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा क्या है;

(ग) तत्संबंधी अनियमितताओं के क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तघर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्या मंत्री

(श्री दानवे रावसाहेब दादाराव)

(क): पिछले एक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान गेहूं और धान की खरीद का ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-1** और **अनुबंध-2** में दिया गया है।

(ख) से (घ): वर्ष 2018-19 के दौरान (जून , 2019 तक) धान और गेहूं की खरीद में अनियमितताओं के बारे में भारतीय खाद्य निगम के पास कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

ये शिकायतें मुख्यतः एजेंसियों द्वारा उचित और औसत गुणवत्ता की धान की खरीद न करने, धान की जाली खरीद, निजी पार्टियों द्वारा मानक प्रचालन प्रक्रियाओं तथा मॉडल टेंडर फॉर्म की शर्तों और निबंधनों का अनुपालन न किए जाने , खरीद केंद्र खोलने के लिए अवैध तरीके से धन एकत्र करने और कांट्रैक्टर को अतिरिक्त भुगतान करने से संबंधित थीं।

इन शिकायतों की जांच की गई थी और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों द्वारा समुचित कार्रवाई की गई थी। इन 14 शिकायतों में से 08 के बारे में कोई प्रमाण नहीं पाया गया था।

******

अनुबंध-1

लोक सभा में दिनांक 16.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3859 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

गेहूं की राज्यवार खरीद

(आंकड़े लाख टन में)

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	रबी विपणन मौसम 2018-19	रबी विपणन मौसम 2019-20
1	पंजाब	126.92	129.12
2	हरियाणा	87.84	93.20
3	उत्तर प्रदेश	52.94	37.00
4	मध्य प्रदेश	73.13	67.25
5	बिहार	0.18	0.03
6	राजस्थान	15.32	14.11
7	उत्तराखंड	1.10	0.42
8	चंडीगढ़	0.14	0.13
9	गुजरात	0.37	0.05
10	हिमाचल प्रदेश	0.01	0.01
योग		**357.95**	**341.32**

****

अनुबंध-2

लोक सभा में दिनांक 16.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3859 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

धान की राज्यवार खरीद दर्शाने वाला विवरण

(आंकड़े लाख टन में)

राज्य	खरीफ विपणन मौसम 2017-18	खरीफ विपणन मौसम 2018-19*
आंध्र प्रदेश	59.70	68.61
तेलंगाना	54.00	77.41
असम	0.53	1.08
बिहार	11.84	14.16
चंडीगढ़	0.21	0.19
छत्तीसगढ़	47.87	60.00
दिल्ली	0.00	0.00
गुजरात	0.01	0.14
हरियाणा	59.58	58.83
हिमाचल प्रदेश	0.00	0.00
झारखंड	2.14	2.28
जम्मू-कश्मीर	0.19	0.14
कर्नाटक	0.00	0.00
केरल	4.84	6.94
मध्य प्रदेश	16.35	20.82
महाराष्ट्र	2.67	8.54
नागालैंड	0.00	0.00
ओडिशा	49.06	65.41
पुद्दुचेरी	0.00	0.00
पंजाब	176.61	169.16
राजस्थान	0.00	0.00
एनईएफ (त्रिपुरा)	0.00	0.10
तमिलनाडु	14.87	18.09
उत्तर प्रदेश	42.90	48.25
उत्तराखंड	0.57	6.89
पश्चिम बंगाल	24.60	25.24
योग	**568.54**	**652.28**

*खरीफ विपणन मौसम 2018-19 अभी चल रहा है। आंकड़े दिनांक 09.07.2019 की स्थिति के अनुसार सूचित किए गए हैं।

****